फतेहगढ़ पुलिस

दिनांक 17.10.2026

थाना राजेपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री यमुना प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण में थाना राजेपुर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना राजेपुर पर मु0अ0स0 192/26 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट बनाम राहुल पुत्र लालाराम निवासी ग्राम अलीगढ़ थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़ पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यावाही की जा रही है।



बरामदगी का विवरण :-

01. एक अवैध तमंचा 12 बोर
02. 02 जिंदा कारतूस 12 बोर

अभियुक्त राहुल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 192/26 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़।

गिरफ्तारी/बरामदी करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 दर्शन सिंह सोलंकी थानाध्यक्ष थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़
2.उ0नि0 जगदीश प्रसाद वर्मा
3.का0 शशांक पाण्डेय
4.का0 वंश कुशवाहा
5.का0 सोनू

मीडिया सेल फतेहगढ़।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

फतेहगढ़ पुलिस

Meticulous Investigation & Prosecution

#OperationConviction

कोतवाली फर्रुखाबाद

दिनांक-17.10.2026

श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन अभियुक्तगण को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

अभियुक्तगण 1. रामकुमार पुत्र ओमप्रकाश 2.राजकुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासीगण टीला मसैनी कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़ के विरुद्ध मु0अ0स0-728/2012 वाद संख्या-76/2013 धारा 304/34,323/34,452,504,506 भादवि0 कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ में पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्तगण के विरूद्ध मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

फतेहगढ़ पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार / कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए **मा0 न्यायालय जिला एंव सत्र न्यायाधीश कोर्ट द्वारा दिनांक 17.10.2026 को दोषसिद्ध कर प्रत्येक को 07 वर्ष सश्रम कारावास की सजा व 2000-2000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**



डीजीसी - श्री सुदेश प्रताप गंगवार



एडीजीसी - श्री पंकज कटियार



को0 मो0 -हे0का0 सुदेश कुमार



पैरोकार - का0 पंकज कुमार